एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 04.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ आयुक्त के0एल0 चौहान ने समीक्षा बैठक में उपस्थित नहीं हुए दो अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। खुर्सीपार क्षेत्र में रोड एवं नाली निर्माण कार्य में प्रभावित 29 परिवारों को सर्वसुविधा युक्त कालोनी आम्रपाली में बनें प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में निगम क्षेत्र के सम्पूर्ण कार्यों की आयुक्त द्वारा समीक्षा किया गया।

निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मोर जमीन मोर मकान के प्रेरक के रुप में नियुक्त अभियंताओं से वार्डवार जानकारी प्राप्त किया। इसी बीच उन्होने जोन 02 के उपअभियंता रेवती रमन शर्मा एवं सुरेश केवलानी से प्रगति की जानकारी चाहे तो वे सभागार में उपस्थित नहीं पाये गये। जिसपर जोन आयुक्त से अभियंताओं के नहीं उपस्थित होने का कारण जानना चाहा पर्याप्त कारण नहीं मिलने पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों के खिलाफ शोकाश नोटिस जारी करने के निर्देश स्थापना शाखा को दिये और सभी उपस्थित अधिकारियों को सक्त लहजे में हिदायत दी कि आयोजित बैठक में पूर्ण जानकारी के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित रहें। उन्होने सिटी बस परिचालन के प्रभारी से जानकारी प्राप्त किया कि दुर्ग से अण्डा, रिसामा, एवं बेमेतरा क्षेत्र के लिए सिटी बस प्रारम्भ करना था वह अभी तक क्यों नहीं हुआ। उन्होने सात दिवस के भीतर कार्यवाही कर सूचित करने को कहा। आयुक्त ने निगम क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण पर किये जा रहे धीमी कार्यवाही पर भी अपनी आपत्ति व्यक्त किया उन्होने प्रति शनिवार को अवैध कब्जा हटाये जाने हेतु वृहद स्तर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री चौहान ने निगम क्षेत्र में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेने के लिए अधिकारियों से कहा। सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय की साफ–सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था के साथ ही चिन्हित स्थलों को गुगल मैप में दर्ज करने के निर्देश दिये। उन्होने निगम क्षेत्र में चल रहे सांसद, विधायक निधि के निर्माण कार्यों की जोनवार समीक्षा कर अप्रारम्भ कार्यों की पर्याप्त कारण के साथ जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होने शहर के सभी पेट्रोल पम्पों, होटल के शौचालय एवं प्रशाधन को आम नागरिकों के लिए खुला रखने की सूचना फलक लगवाये जाने के निर्देश जोनआयुक्तों को दिये। कचरों के सहीं निष्पादन की जानकारी के लिए होटल सहित कल कारखाने एवं अस्पताल प्रबंधन की टीम को बुलाकर कार्यशाला आयोजित करने को भी कहा। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मोर जमीन मोर मकान के तहत् चल रहे कार्यों की वार्डवार समीक्षा करते हुए प्रेरक के रुप में नियुक्त सभी अभियंताओं को हितग्राहियों से सम्पर्क कर नक्शा उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाने के निर्देश दिये।

सड़क एवं नाली निर्माण के दौरान खुर्सीपार क्षेत्र से हटाये गये 29 परिवार को सर्वसुविधा युक्त आम्रपाली कालोनी में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान आबंटित करने का निर्देश दिये इन 29 हितग्राहियों द्वारा फार्म भरवाकर प्रथम किश्त की राशि जमा की गई है।

बैठक में सभी जोनआयुक्त, विभाग प्रमुख, प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारी, स्वच्छ भारत मिशन के अभियंता एवं अधिकारी, कर्मचारी, उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई